(क) पश्चिम रेलवे द्वारा पछले तीन वर्षों के दौरान कितने रेल डिब्बों की आपूर्ति की गयी;

(ख) चालू वित्तीय वर्ष में पश्चिम रेलवे को कितने रेल डिब्बों की आवश्यकता है और क्या पश्चिम रेलवे ने रेलडिब्बों की आपूर्ति के लिए अपना मांग-पत्र दिया है; और

(ग) यदि पश्चिम रेलवे ने अभी तक अपना मांग पत्र प्रस्तुत नहीं किया है तो उसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेश कलमाडी):

(क)	1992-93	306
	1993-94	186
	1994-95	244
	1995-96	250 (जनवरी तक)

(ख) और (ग) हरेक रेलवे नए सवारी डिब्बों के निर्माण और आपूर्ति के लिए आर्डर नहीं देती है। रेल मंत्रालय सेवा से हटाए जाने वाले सवारी डिब्बों तथा नई सेवाएं शुरू करने के लिए अपेक्षित अतिरिक्त सवारी डिब्बों को ध्यान में रखते हुए सभी रेलों के लिए किसी विशेष वर्ष में सवारी डिब्बों की आवश्यकता को समेकित करता है। तदनुसार पश्चिम रेलवे सहित प्रत्येक रेलवे को सवारी डिब्बों का आवंटन किया जाता है।

विमानचालकों के वेतन और भत्तों में वृद्धि

854. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विमान चालकों के वेतन और भत्तों को बढ़ाने के संबंध में किसी सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं; यदि हां, तो वेतन और भत्तों में कितने प्रतिशत वृद्धि की जायेगी और यह कब से, किस कारण और किस आधार पर लागू होगी;

(ख) क्या सरकार ने विमान चालकों के वेतन और भत्तों में वृद्धि के साथ-साथ उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा और उचित सेवा उपलब्ध कराने के लिए कोई कदम उठाये हैं; और

(ग) विमानचालकों के वेतन और भत्ते में वृद्धि के बावजूद भी उनके द्वारा हड़ताल किये जाने पर या सामूहिक अवकाश लिये जाने पर अन्यथा कठिन स्थिति उत्पन्न करने पर सरकार क्या कार्रवाई करेगी?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) जी हां। इंडियन एयरलाइन्स ने भारतीय वाणिज्यिक विमानचालक संघ के साथ हाल ही में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जो 01.01.96 से प्रभावी होगा। अन्य बातों के साथ-साथ, समझौते के अन्तर्गत उड़ान के घंटों के आधार पर विमानचालकों को किए जाने वाले भुगतान की पद्धति को युक्तिसंगत बनाना, उनका प्रशिक्षण और विमान बेड़े का बेहतर उपयोग भी शामिल हैं। विमानचालकों के वेतन में औसतन 85% के लगभग वृद्धि होगी।

(ख) सेवाओं में सुधार करना एक सतत प्रक्रिया है। इंडियन एयरलाइन्स द्वारा उठाए गए कुछ कदमों में यात्रियों का आराम, उड़ानगत तथा भूमि पर सेवाएं शामिल हैं।

(ग) समझौते में, भारतीय वाणिज्यिक विमानचालक संघ ने हड़ताल न करने तथा संवैधानिक तरीके अपनाने का वचन दिया है। तथापि, आवश्यकता होने पर प्रबंधकवर्ग कम्पनी के विनियमों तथा स्थाई आदेशों के तहत उचित कार्रवाई करेगा।

Investment by Government undertakings

855. SHRI SARADA MOHANTY: Will the Ministry of INDUSTRY be pleased to state:

(a) the details of investment made by different Central Government undertakings in the Industrial sector during Seventh and Eighth Plan; and

(b) the achievement of each undertaking during that period in terms of production to meet domestic demand, export potentiality and employment generation?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (DR. C. SILVERA): (a) and (b) The details of investment made in each Central Government Public Sector Undertaking and their achievement in terms of production (sales turnover) and employment generation is given in Volume-III of the 'Public Enterprises Survey' placed on the Table of both the Houses of Parliament every year. The latest Public Enterprises Survey laid in Parliament on 22nd March, 1995 contains the information for the year 1993-94, 1992-93 and 1991-92. Export earning by different Public Sector Undertaking is given in Statement No. 24 of Volume-I of Public Enterprises Survey.